कार्यालय कार्यपालक निदेशक (सिविल–परियोजना– I)
छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड : रायपुर

क्रमांक : 04–02 / कार्य / 1060 रायपुर, दि. 04/10/2021

अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत अथवा शासकीय विभाग / उपक्रम में पंजीकृत ठेकेदारों, समान कार्य में आपूर्तिकता, अधिकृत डीलर, रिटेलर एवं अपंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र में मुहरबंद निविदाएं अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित है । निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 25.10.2021, निविदा विक्रय की अंतिम तिथि 26.10.2021 होगी, निविदा प्रपत्र जमा करने एवं खुलने की तिथि 27.10.2021।

01. निविदा विशेषीकरण क्रमांक कानिसि–परि– I / कार्य / 2021 / 24

कार्य का नाम : छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत कोल ट्रांसपोटेशन हेतु कार्यालय अधीक्षण अभियंता (सिविल) सीएमडीसी, घरघोड़ा में कम्प्यूटर एवं प्रिंटर प्रदाय एवं अधिष्ठापन का कार्य । अनुमानित लागत : रुपये 4,54,000 (जीएसटी सहित)। बयाने की राशि : रुपये 4,540 /– निविदा प्रपत्र का मूल्य : रुपये 236 (जीएसटी सहित) । कार्य पूर्ण करने की अवधि :– 15 दिवस (वर्षा ऋतु सहित) । दर : आयटम दर प्रपत्र–ब। वारंटी एवं रखरखाव अवधि :– 12 माह । उक्त कार्य के अनुभवी / अधिकृत फर्म को प्राथमिकता दी जावेगी ।

अन्य नियम एवं शर्तें :–

01. किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत या पूर्णतः अमान्य करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा । **02.** जी.एस.टी. में पंजीकृत अथवा आशय पत्र मिलने के पूर्व संबंधित पंजीकरण प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने बाबत् अण्डरटेकिंग दिए जाने वाले ठेकेदारों को, संबंधित प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराने पर ही, निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य के डी.डी. जो कि सहायक प्रबंधक(केन्द्रीय लेखा इकाई) छ.ग.स्टे.पा.जन.कं.लिमि., रायपुर को देय हो, जमा करने पर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से जारी किये जावेंगे । निविदाएं डाक द्वारा मंगाने पर रूपये 100 /– प्रति निविदा अतिरिक्त देय होगा । डाक द्वारा भेजे गए दस्तावेज का समय पर न मिलने की जवाबदारी कम्पनी की नहीं होगी । **03.** निविदा के अनुरूप निर्धारित बयाने की राशि केवल डीडी. या पे आर्डर के रुप में जो कि सहायक प्रबंधक(केन्द्रीय लेखा इकाई) छ.ग.स्टे.पा.जन.कं.लिमि., रायपुर को देय हो, अलग सीलबंद लिफाफे में जमा की जानी चाहिए इस लिफाफे को संबंधित निविदा प्रपत्र के सीलबंद लिफाफे के ऊपर संलग्न किया जाना चाहिए । **04.** निविदाएं निर्धारित तिथि को 16.00 बजे तक लिये जावेंगे एवं उसी दिन 16.15 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख खोले जावेंगे । **05.** निविदा विक्रय की अंतिम तिथि / जमा करने की तिथि पर कार्यालयीन अवकाश होने की स्थिति में कार्यवाही अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर की जावेगी । **06.** यदि किसी ठेकेदार द्वारा, इस कार्यालय द्वारा जारी किसी भी लेटर ऑफ अवार्ड के विरूद्ध लेटर ऑफ अवार्ड जारी करने के दिनांक से 10 दिवस के भीतर अनुबंध निष्पादित नहीं किया गया है तो उसे निविदा में भाग लेने से प्रतिबंधित किया जावेगा । संपर्क हेतु दूरभाष क्रमांक 0771 – 2574573 ।

नोट :– कम्प्यूटर एवं प्रिंटर प्रदाय एवं अधिष्ठापन का कार्य कार्यालय अधीक्षण अभियंता (सि) छ.स्टे.पा. जन.कं.लि., घरघोड़ा के अंतर्गत आने वाले कार्यालय, रेल्वे साइडिंग,घरघोड़ा एवं माईन मैनेजर कोल माईन कार्यालय ढोलनारा में किया जाना है।

कार्यपालक निदेशक (सि.–परि.– I)
छ.ग.स्टे.पा.जन.कं.लिमि., रायपुर

पंजीकृत कार्यालय : तृतीय तल, विद्युत सेवा भवन, डंगनिया, रायपुर– 492 013; CIN No. U40108CT2003SGC015821
Phone : 0771-2574561; Fax : 0771-2574579; mail : civil.cseb@gmail.com; web site : www.cseb.gov.in